# मनवा राधे राधे बोल | By Sunil Sarvottam

गुड़ से मीठा नाम है जग में नाम बड़ा अनमोल
जीते जी तर जायेगा वाणी में अमृत घोल
मनवा राधे राधे बोल.........
मनवा राधे राधे बोल.........

राधा नाम अति मन भावन जो बोले तर जाए
राधे नाम से सबका जीवन खुशियों से भर जाए
राधे जी का सेवक बन जा मन की आँखें खोल
जीते जी तर जायेगा वाणी में अमृत घोल
मनवा राधे राधे बोल.........
मनवा राधे राधे बोल.........

राधे राधे सुनके भक्तों कृष्ण भी दौड़े आते
राधे जी के संग साथ में कृष्ण दरस मिल जाते
राधे राधे बोलो भक्तों करो ना टाल मटोल
जीते जी तर जायेगा वाणी में अमृत घोल
मनवा राधे राधे बोल.........
मनवा राधे राधे बोल.........

बरसाने की राधे रानी कहलाये ठकुरानी
कृष्ण प्रिय वृषभान दुलारी कहलाये महारानी
राधे राधे गाऊं मैं तो बजा बजा कर ढोल
जीते जी तर जायेगा वाणी में अमृत घोल
मनवा राधे राधे बोल.........
मनवा राधे राधे बोल.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-by-sunil-sarvottam/